उपराष्ट्रपति देंगे भारत में नेतृत्व क्षमता पर व्याख्यान

रांची. भारत के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू 16 फरवरी को रांची आयेंगे. वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट

(आइआइएम) रांची के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यानमाला में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. विषय है-भारत में नेतृत्व क्षमता व सुशासन. कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे तक होगा. कार्यक्रम में राज्यपाल सह कुलाधिपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइआइएम के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पांड्या व आइआइएम रांची के निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे. उपराष्ट्रपति रात में राजभवन में विश्राम करेंगे. 17 फरवरी को जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. वहीं, आइआइएम, रांची का दीक्षांत समारोह इस वर्ष 21 मार्च को होने की संभावना है. इसमें वैसे विद्यार्थी भाग लेंगे, जो वर्तमान में परीक्षा दे रहे हैं. इनका रिजल्ट मार्च के पहले हफ्ते तक जारी हो जाने की संभावना है.

Prabhat Khabar, 12.02.2020, Pg. 17